world have been screened, not physically, but they have been provided a form at airports and sea ports; if they have symptoms, they are supposed to fill up the forms. Whosoever had filled in this form at the sea ports or the airports were immediately shifted to the nearest isolation facility centres and tested, and for any person or individual who tested positive, immediately, within 12 hours, the contact-tracing started. If he had come in a particular flight, the manifest of that airline was taken. The addresses and the manifest of passengers sitting up to three seats behind him, three seats in front and also sitting on his left and right were taken and they were contacted at their respective places in different States; they were put on the tamiflu. Such cases are not in hundreds; such cases are more than 7,000; and all the 7,000 contact traces have been treated successfully. So, it is not for nothing that the disease has not spread. Maybe, other countries did not take so much of pains. If we would not have contacted, Sir, these so-called 7000-odd suspect cases would by now have gone to seven million cases because it runs into geometrical ratio; 7000 cases would have spread to 14000 cases, 14000 cases would have spread to 28000 cases, and then, it would have gone to millions. So, I want to say here that most of the people do not appreciate that when other countries had hands-up, we did not say, 'hands-up'. We tried to trace it up to their place of residence and the State, and treated them.

Sir, in the last part of his supplementary, the hon. Member has mentioned about the school. As I have said, we are going to review it after every second day. We have not so far allowed this Tamiflu to be sold in the retail market. In the next two-three days, we are, again, going to review it. Should the need warrant that it has to be allowed for the public consumption on the retail, we will do so. Our scientists and doctors are meeting almost everyday to take stock of the situation. As and when the need will be felt to give directions to students and directions with regard to open-market sale of Tamiflu that will be done.

पोलियो से प्रभावित देश

*484. **डा. राम प्रकाश**: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व में केवल चार देश ही पोलियो से प्रभावित हैं;

(ख) क्या उनमें से एक देश भारत है तथा पोलियो से ग्रस्त सर्वाधिक रोगी भारत में हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) भारत में 'पोलियो-उन्मूलन' का लक्ष्य कब तक प्राप्त कर लिये जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) और (घ) विश्व में केवल 4 देशों में ही पोलियों स्थानिकमारी के रूप में व्याप्त है और उन्होंने कभी भी घातक पोलियो विषाणु के संचरण को नहीं रोका है। ये देश नाइजीरिया, भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान हैं।

इन 4 स्थानिकमारी वाले देशों के अतिरिक्त ऐसे 15 देश हैं जिन्होंने वर्ष 2009 के दौरान अब तक पोलियो के रोगियों की सूचना दी है।

वर्ष 2008 और 2009 के दौरान देशों में सूचित किए गए पोलियो रोगियो की संख्या विवरण-। में दर्शाई गई है। (नीचे **देखिए**)

भारत में पोलियो के रोगियों की संख्या अधिकतम नहीं है। नाइजीरिया ने भारत की अपेक्षा पोलियो के अधिक रोगियों की सूचना दी है। वर्ष 2009 के दौरान अब तक भारत ने नाइजीरिया में पोलियो के 349 रोगियों की तुलना में पोलियो के 163 रोगियों की सूचना दी है। वर्ष 2008 में भारत ने पोलियो के 559 रोगियों की सूचना दी थी जबकि नाईजीरिया ने पोलियो के 789 रोगियों की सूचना दी थी।

भारत सरकार ने भारतीय विशेषज्ञ सलाहकार दल (आईईजी) गठित किया है जिसमें जन स्वास्थ्य, जनपादिक रोग विज्ञान और विषाणु विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल हैं। यह दल पोलियो की स्थिति की समीक्षा करने के लिए प्रत्येक वर्ष 2 बार बैठकें करता है और पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार को सिफारिशें करता है। भारतीय विशेषज्ञ सलाहकार दल ने जून, 2009 को हुई अपनी पिछली बैठक में यह निष्कर्ष निकाला है कि जानपदिक रोग विज्ञान, विषाणु विज्ञान, जेनेटिक प्रचालानात्मक और तकनीकी प्रमाण से ऐसा पता चलता है कि भारत मजबूती से पोलियो का पूरी तरह से उन्मूलन करने के सही मार्ग पर अग्रसर है। तथापि, उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने की कोई पक्की तारीख नहीं दी जा सकती है।

विवरण-।

वर्ष 2008-2009 के दौरान देशों में पोलियो के रोगियों की संख्या
(28 जुलाई, 2009 की स्थिति के अनुसार)

देश का नाम	वर्ष 2009 से अब तक	वर्ष 2008 से अब तक	वर्ष 2008 का योग
1	2	3	4
भारत	163*	331	559
पाकिस्तान	25	17	117
गिनिया	13	0	0
नाइजीरिया	349	483	798
अफगानिस्तान	13	13	31
चेड	7	9	37
कार (सीएआर)	13	1	3
लाइबेरिया	3	0	0
केन्या	17	0	0
नाइजर	15	12	12
सूडान	44	1	26
कोटे डी आईवोर	17	0	1
बरकीना फासो	12	0	6

1	2	3	4
अंगोला	13	20	29
यूगांडा	8	0	0
बेनिन	20	1	6
डी आर सी	2	2	5
टोगो	6	0	3
माली	1	0	1
घाना	0	0	8
नेपाल	0	4	6
इथोपिया	0	2	3

*31 जुलाई, 2009 को

Polio affected countries

†*484. DR. RAM PRAKASH: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether only four countries in the world are afflicted by polio;

(b) whether one of them is India and maximum number of cases of polio are in India;

(c) if so, the reasons therefor; and

(d) by when the target of polio eradication is likely to be completed in India?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (d) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (d) Only four countries in the world are endemic for polio and have never stopped transmission of the wild poliovirus. They are Nigeria, India, Pakistan and Afghanistan.

In addition to these 4 endemic countries, there are 15 countries that have reported polio cases during 2009 so far.

The number of polio cases reported in the countries during 2008 and 2009 are shown in the Statement-I (*See* below).

India does NOT account for the maximum number of polio cases. Nigeria has reported more polio cases than India. During the year 2009 so far, India has reported 163 polio cases compared with 349 polio cases in Nigeria. In the year 2008, India reported 559 polio cases while Nigeria reported 789.

†Original notice of the question was received in Hindi.

The Government of India has constituted the India Expert Advisory Group (IEAG) that comprises of national and international experts in the field of public health, epidemiology and virology. This group meets twice each year to review the polio situation and provide recommendations to the Government of India to achieve polio eradication. IEAG in its last meeting held in June, 2009, has concluded that epidemiological, virological, genetic, operational and technical evidence suggests that India is firmly on the right path to finish polio eradication. However, no firm date for achieving eradication can be given.

Statement-I

The number of polio cases reported in the countries during 2008-2009

Case breakdown by country

(as on 28th July, 2009)

Country	Year-to-date 2009	Year-to-date 2008	Total in 2008
1	2	3	4
India	163*	331	559
Pakistan	25	17	117
Guinea	13	0	0
Nigeria	349	483	798
Afghanistan	13	13	31
Chad	7	9	37
CAR	13	1	3
Liberia	3	0	0
Kenya	17	0	0
Niger	15	12	12
Sudan	44	1	26
Cote d'Ivoire	17	0	1
Burkina Faso	12	0	6
Angola	13	20	29
Uganda	8	0	0
Benin	20	1	6
DRC	2	2	5

1	2	3	4
Togo	6	0	3
Mali	1	0	1
Ghana	0	0	8
Nepal	0	4	6
Ethiopia	0	2	3

*As on 31st July 2009

डा0 राम प्रकाश : श्रीमन्, मैं आप के माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि प्रति- वर्ष भारत में पोलियो कि दवा कितनी मात्रा में निर्मित की जाती है, कितनी दवा किन-किन देशों से आयात की जाती है और उस पर क्या व्यय होता है? महोदय, मैं सवाल का विस्तृत, सही और संदर्भानुकूल दिए गए लिखित उत्तर के लिए मंत्री जी को बधाई भी देता हूं।

श्री सभापति : आप सवाल पूछिए, बधाई मत दीजिए।

डा0 राम प्रकाश : महोदय, मैं ने सवाल पूछा है कि प्रति वर्ष भारत में पोलियो कि कितनी दवा निर्मित की जाती है, कितनी दवा किन-किन देशों से आयात की जाती है और उस पर क्या व्यय होता है?

श्री गुलाम नबी आज़ाद : सर, माननीय सदस्य को बधाई के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। महोदय, पोलियो के लिए mostly दवा हमारे यहां अपनी बनती है और वैक्सीन कुछ दूसरी जगह से भी आती हैं। अभी मेरे पास नाम नहीं हैं क्योंकि अभी हम ने पोलियो की वैक्सीन यहां लगानी शुरू नहीं की है। वह एक exercise चल रही है। अभी हम orally बच्चों को देते हैं, परंतु injectable हमें injection देना होगा या नहीं देना होगा, उस के बारे में अभी exercise चल रही है और जब वह exercise इस अगले दो-तीन महीनों में पूरी हो जाएगी, उस के बाद आयात या निर्यात का काम शुरू होगा।

डा0 राम प्रकाश : महोदय, पोलियो की रोकथाम में, भारत में सर्वाधिक सफलता किन-किन प्रदेशों में प्राप्त हुई है और सब से ज्यादा पिछड़े हुए प्रदेश इस प्रसंग में कौन से हैं? महोदय, क्या वहां पोलियो उन्मूलन में असफलता का कारण कुछ ऐसी अफवाहें हैं कि ये ड्रॉप्स दने से बच्चे में नपुंसकता या कुछ इस तरह की बीमारियां हो सकती हैं?

श्री गुलाम नबी आज़ाद: सर, हमारे देश में पोलियो 35 में से तकरीबन 33 राज्यों में खत्म हो गया है और अब यह पोलियो अधिकतर उत्तर प्रदेश और बिहार तक सीमित रह गया है। इसकी संख्या भी आज 10 सालों में बहुत कम हुई है। अगर आप देखेंगे तो 10 साल पहले इसके लगभग 1126 केसेज़ पूरे देश में थे। पिछले साल, 2008 तक 10 सालों में इन केसेज़ की संख्या 1126 से घट कर 560 तक पहुँच गई है। मुझे अफसोस है इन 560 में से भी तकरीबन 538 केसेज़ सिर्फ उत्तर प्रदेश और बिहार में हैं। सिर्फ कुछ दर्जन केसेज़ ही पूरे हिन्दुस्तान में हैं। इन 560 केसेज़ में से 305 उत्तर प्रदेश में और 233 बिहार में हैं।

सर, पोलियो का जो Immunization Programme है, वह साल में पहले दो दफा लगता था, अब यह 6-7 दफा होता है। अब उत्तर प्रदेश और बिहार पर खास तौर से ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। अभी मैंने दो-तीन दिन पहले एक मीटिंग बुलाई थी और उसमें यह पूछा था कि अगर यह पूरे देश में खत्म हुआ तो उत्तर प्रदेश और बिहार में क्यों नहीं हुआ? मैं इस नतीजे पर पहुँचा हूँ कि उसका कारण यह है कि बहुत सारी चीजों की तरह, कुछ राज्यों में जो चीजें पहुँचनी चाहिए, वे नहीं पहुँचीं। मैं इस नतीजे पर पहुँचा हूँ कि इन राज्यों में हमें जो आंकड़े दिये जाते हैं, वे कितने authentic हैं, हमें इसकी तह तक जाना है। हमें जो लिख कर दिया जाता है कि इतने बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स दिये गए हैं, उसकी authenticity क्या है? जब मैंने अपने अधिकारियों

से पूछा, तो उन्होंने कहा राज्य सरकार ने लिख कर दे दिया है। अभी तक जो इससे जुड़ा है या नहीं जुड़ा है, दूसरे प्रोग्राम्स में जो vaccines पूरे देश में लगते हैं, मैं उनसे बिल्कुल satisfy नहीं हूँ, क्योंकि पूरे देश के जिलों में जो चीफ मेडिकल ऑफिसर (सी.एम.ओ.) है, वह यह दिखाने के लिए कि मैं बहुत अच्छा काम कर रहा हूँ, वह एक संख्या बनाता है। फिर वह सेक्रेटरी के पास जाता है, वे अपनी - और स्टेट्स अपना-अपना नंबर बढ़ाने के लिए लिख कर देते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए कल हमने instructions दी हैं, जिसे हम बड़ी सख्ती से लागू करेंगे। इसमें हमने कहा है कि नवम्बर से आगे आने वाले वक्त के लिए हम जो भी पोलियो ड्रॉप्स बच्चों को देंगे, उन तमाम बच्चों के नाम, उनका address, उनकी parentage और उनका टेलीफोन नंबर soft disc में डाला जाएगा और उसकी कॉपी हैल्थ मिनिस्ट्री को मिलनी चाहिए ताकि कोई भी नकली, कोई स्टेट हमें केवल नंबर लिख कर न भेजे कि हमने 50 लाख immunization किया या 20 लाख immunization किया। जब यह होगा तो मुझे पूरा यकीन है कि हर बच्चे को vaccine मिलेगी।

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला: सर, मंत्री जी ने answer दिया। आज Health Day है। मैं मंत्री जी से पूछना चाहती हूँ कि we have been doing the 'Polio Plus Campaign', तो क्या आपने पोलियो के oral vaccine देने के बाद कोई सर्वे किया है कि जिन लोगों को vaccine दिये गये, उनमें से कितने लोग पोलियो से affected हो गये? क्योंकि यह जो oral Polio vaccine दिया जाता है, वह refrigerated condition में रहना चाहिए। अगर आप गांव में देखते हैं, अगर उसकी चेन टूट जाती है तो वह ineffective हो जाता है। आप बिहार और उत्तर प्रदेश के गांवों की बात कर रहे हैं, तो जो vaccine वहां दिया गया है, क्या आपने इसका कभी कोई सर्वे किया है? आपने figures दिये हैं कि हिन्दुस्तान में अब यह 163 हैं, जो 559 से कम हुए हैं, मगर पाकिस्तान में यह 117 में से सिर्फ 25 रह गये हैं। दूसरी बात है कि जब भी कभी हमारे मुल्क में इस तरह की ऐपिडेमिक की बात होती है तो हम क्यों अफ्रीकन या डेवलपिंग कंट्रीज़ के कोटे में जाते हैं, हम एडवांस कंट्रीज़ के कोटे में क्यों नहीं जाते हैं, हमेशा नाइजीरिया से हमारा रिफरेंस क्यों दिया जाता है?

श्री गुलाम नबी आज़ाद : सर, मैं मैडम से बिल्कुल सहमत हूं, जो इन्होंने सवाल पूछा है, वही सवाल मैंने अपनी मिनिस्ट्री से पूछा कि हमारा comparison ऐसे क्यों होता है - जब हम टैक्नोलॉजी की बात करते हैं तो विकसित देशों अमरीका, ब्रिट्रेन और जापान की बात करते हैं और जहां हमारी कमजोरी होती है तो हम बंगला देश, नेपाल और अफ्रीकन कंट्रीज़ के साथ comparison करते हैं? मैंने उनको कहा कि ये दो पैमाने नहीं चलेंगे। या तो हम अमरीका, ब्रिट्रेन और जापान के मुकाबले के हैं या हम अफ्रीका के मुकाबले के हैं, यह हमको फैसला करना होगा। मैंने अपने मंत्रालय के साथियों को बता दिया है कि यह दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। इसलिए, मैंने कल बता दिया है कि मैं खाली इसी वैक्सीन से नहीं, बल्कि सभी ..(**व्यवधान**)..

डा0 (श्रीमती) नजमा ए0 हेपतुल्ला : आप इसी का बता दीजिए।

श्री गुलाम नबी आज़ाद : बाकी जितने भी immunisation programmes चल रहे हैं, उनमें भी हम तो vaccine प्रोवाइड करते हैं, हम तो खरीदते हैं, हम तो राज्य सरकारों को देते हैं, उसके लिए incentives भी देते हैं, लेकिन उधर से नकली कागज भरकर आता है या असली Immunisation Programme होता है, इसका हमारे पास कोई आंकड़ा नहीं है।

डा0 (श्रीमती) नजमा ए0 हेपतुल्ला : सर, मैंने specific question पूछा है कि आपने Polio Vaccine Campaign के बाद, जो TV वगैरह पर दिखाए जाते हैं, क्या कभी कोई सर्वे किया है कि vaccine देने के बाद कितने बच्चों को पोलियो हुआ? That is most important. You do what you want to do.

श्री गुलाम नबी आज़ाद : अभी उसी के लिए हम कह रहे हैं कि we are going to now introduce compulsory. अभी अगर आप सर्वे करेंगे तो वह सर्वे भी वैसा ही आएगा जैसा immunisation होगा। जब

immunisation का कोई अर्थ नहीं तो सर्वे का क्या अर्थ होगा। इसीलिए हमने कहा कि हम compulsory पोलियो से शुरु करेंगे और बाद में सभी immunisation programmes के लिए, in the medium term, हम इन सबका computer में रिकार्ड रखेंगे - उस बच्चे का नाम, गांव, टेलिफोन नम्बर आदि और फिर कोई गलत आंकड़ा नहीं आएगा, क्योंकि फिर हम यहां से किसी भी गांव में पूछ सकते हैं कि तुम्हें vaccine लगी है या नहीं। अभी आप सर्वे कराएंगे तो उसका क्या अर्थ है, जैसा vaccine लगा है वैसा ही सर्वे भी आएगा।

श्री वी0 हनुमंत राव : सर, स्वाइन फ्लू के अलावा भी आंध्र प्रदेश के ट्राइबल एरियाज़ में दैवी बीमारी की वजह से बहुत से लोग ..(व्यवधान)..

MR. CHAIRMAN: This Question is on polio. ...*(Interruptions)*...

DR. K. MALAISAMY: Thank you, Mr. Chairman, Sir.

MR. CHAIRMAN: Please put your question quickly because we are running out of time.

DR. K. MALAISAMY: Mr. Minister, we have been listening to you. You have been nice enough to give an exhaustive reply and all that. We are happy for that. As far as my question is concerned, how long the problem of polio has been in existence in Tamil Nadu? How long it is there? It is very important to know. You have been trying your level best to do something and you are making efforts this way and that way. All these things are there.

MR. CHAIRMAN: Question please.

DR. K. MALAISAMY: But the fact remains that it has not been eradicated. How long has it been in existence and how long have you been trying to eradicate it? You have stated in your reply that a time frame cannot be specified. You have been emphatic in many of your replies. You seem to very keen on that.

MR. CHAIRMAN: Question please.

DR. K. MALAISAMY: I need a time frame within which you can eradicate polio. You have done it in smallpox and many other diseases, why can't you do it in polio also?

MR. CHAIRMAN: Do you want to put a question or to make a statement?

DR. K. MALAISAMY: Sir, my specific question is ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Mr. Minister, you have exactly 30 seconds to reply.

SHRI GHULAM NABI AZAD: Sir, I will fully utilise this. ...*(Interruptions)*... Sir, as I have said in the beginning, it is almost eradicated across the country except Uttar Pradesh and Bihar. If the hon. Member goes through the chart, which we have provided, he will find that in the last four years, rather including this fifth year also, there has not been even a single case reported from Tamil Nadu. In the last 11 years, there have been only 8 cases, 7 in one year, and 1 in another one year. In the last nine years, there has not been even a single case of polio. Therefore, it should be treated almost as eradicated. Now our attention is to be focussed on Bihar and Uttar Pradesh.

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

————————